卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 215 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦12 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## हिमंता ने दूसरी बार ली असम के सीएम पद की शपथ

### गुवाहाटी में आयोजित भव्य समारोह में चार मंत्रियों ने भी ली शपथ,पीएम मोदी और अमित शाह रहे मौजूद

गुवाहाटी (उद संवाददाता)। असम की राजनीति में मंगलवार का दिन एक नया इतिहास रचने वाला रहा। डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा ने लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए असम के मुख्य मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। गुवाहाटी के खानापारा स्थित वेटरनरी कॉलेज मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने उन्हें शपथ दिलाई। इसी के साथ हिमंता बिस्वा सरमा असम में लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद संभालने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता बन गए हैं।शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, पबित्रा मारगेरिटा और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित कई दिग्गज नेता इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। समारोह में भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति ने इसे और भी खास बना दिया। मुख्यमंत्री के साथ चार अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली, जिनमें भाजपा की अजंता नियोग और रामेश्वर तेली, असम गण परिषद के अतुल बोरा और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट के चरण बोरो शामिल हैं। अजंता नियोग, अतुल बोरा और चरण बोरो पिछली कैबिनेट का भी हिस्सा थे, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली की राज्य की राजनीति में वापसी हुई है। हाल ही में संपन्न हुए असम विधानसभा चुनाव में एनडीए ने 126 सीटों वाली विधान सभा में रिकॉर्ड 102 सीटों पर जीत हासिल कर सत्ता में शानदार वापसी की है। इसमें अकेले (शेष पृष्ठ सात पर)





## गुवाहाटी पहुंचने पर सीएम धामी का जोरदार स्वागत

देहरादून/गुवाहाटी (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को असम के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के भव्य शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित हुए। गुवाहाटी के खानापारा स्थित वेटरनरी कॉलेज मैदान में आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में सीएम धामी ने हिमंता बिस्वा सरमा को लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की कमान संभालने पर हार्दिक बधाई और उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में मौजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन (शेष पृष्ठ सात पर)



## निर्माणाधीन भवन में युवक का शव मिलने से सनसनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना क्षेत्र के दमुवादूंगा इलाके में सोमवार देर रात एक निर्माणाधीन भवन में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया और युवक को चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त कर ली गई है। जानकारी के अनुसार 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। सूचना पर थाना काठगोदाम पुलिस टीम तत्काल मल्ला प्लाट दमुवादूंगा स्थित निर्माणाधीन भवन में पहुंची, जहां एक व्यक्ति तख्त पर चित अवस्था में पड़ा मिला। मौके पर मौजूद युवक के भाई ने उसकी पहचान 46 वर्षीय जीवन चन्द्र गंगोला निवासी जवाहर ज्योति दमुवादूंगा के रूप में की। परिजनों के अनुसार जीवन लंबे समय से नशे का आदी था और निर्माणाधीन भवन में मजदूरों के साथ रह रहा था। पुलिस ने मौके पर फील्ड यूनिट और 108 एम्बुलेंस को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण (शेष पृष्ठ सात पर)

## दरोगा को वर्दी उतरवाने की धमकी देना भारी पड़ा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के निर्देशों के क्रम में जनपद में संदिग्धों और वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस कर्मियों को धमकी देने वाले अभियुक्त को कार सहित गिरफ्तार कर लिया है। घटना के विवरण के अनुसार 10 मई की रात्रि को कोतवाली हल्द्वानी पुलिस की टीम तिकोनिया क्षेत्र में गश्त और वाहन चेकिंग ड्यूटी पर तैनात थी। इस दौरान कबाड़ी कबाब की दुकान के पास एक संदिग्ध कार को रोका गया, जिस पर प्रतिबंधित काली फिल्म लगी हुई थी। वाहन के चालान की प्रक्रिया शुरू होते ही कार चालक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के साथ अभद्रता शुरू कर दी। अभियुक्त ने लोकसेवकों को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने और वर्दी उतरवा देने की धमकी दी। इसके बाद अभियुक्त पुलिस के आदेशों की अवहेलना करते हुए मौके से वाहन लेकर फरार हो गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक आरती की तहरीर के आधार पर कोतवाली हल्द्वानी में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी



## स्मैक और हजारों की नगदी सहित तस्कर दबोचा

काशीपुर। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3.39 ग्राम स्मैक व हजारो की नकदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है।कुंडा कोतवाली पुलिस ने चौकिंग के दौरान सूर्या चौकी से आगे ठाकुरद्वारा रोड से सड़क किनारे खड़े गुलरघट्टी रामनगर निवासी शानू खान पुत्र स्व. रईश अहमद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3.39 ग्राम स्मैक व 44 हजार की नकदी बरामद की है। पूछताछ में आरोपी (शेष पृष्ठ सात पर)

## जमीन का म्यूटेशन कराने के नाम पर 20.50 लाख हड़पे

काशीपुर। एक व्यक्ति ने जमीन का म्यूटेशन कराने के 20.50 लाख रूपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम-पट्टीकला, मझरा घोसीपुरा, थाना स्वार (रामपुर) निवासी असलम पुत्र स्व.जुम्मा ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि करीब 5 वर्ष पूर्व ग्राम सरबरखेड़ा निवासी अय्यूब अली से ग्राम सरबरखेडा में ठाकुरद्वारा रोड पर लगभग डेढ बीघा जमीन खरीदने का सौदा किया था। अय्यूब अली ने कहा कि उसकी जमीन का मयूटेशन मेरे नाम पर चढ़वा लो उसके बाद वह उसकी रजिस्ट्री करा देगा। कुछ समय बाद चीमा पेपर मिल के पास स्थित एक ढाबे पर काशीपुर निवासी शाहीने अंजुम पुत्री हारून निवासी जिसे वह पहले से जानता था तथा शाहीने अंजुम सीआईएसएफ में स्टैनो के पद पर दिल्ली में तैनात है से जमीन का मयूटेशन कराने को कहा तो शाहीने अंजुम ने कहा कि गाजियाबाद निवासी पत्रकार दीपक शर्मा के उत्तराखण्ड के बड़े-बड़े सरकारी अफसरो से अच्छे सम्बंध है वह बीस लाख रूपये में म्यूटेशन करा देगा तथा शाहीने अंजुम ने दीपक शर्मा से उसकी फोन पर बता कराई। कुछ दिन बाद शाहीने अंजुम ने म्यूटेशन चढ़वाने के लिये अपने भाई के खाते में दो लाख रूपये डलवाये। उसके एक दिन बाद शाहीने अंजुम ने फोन कर काशीपुर निवासी सन्नी नाम के व्यक्ति को उसके घर भेजा तथा एक लाख रूपये मंगा लिये। उसके कुछ समय बाद दीपक शर्मा ने व्हाटसप पर कॉल करके कहा कि कल वह व शाहीने अंजुम आपकी जमीन के मयूटेशन के सम्बंध में रूद्रपुर में डीएम से मिलने आ रहे हैं कुछ पैसे लेकर आ जाना। उनके कहने पर वह गांव के दो व्यक्तियों के साथ दीपक शर्मा व शाहीने अंजुम से डीएम ऑफिस में मिला। जिसक बाद दीपक शर्मा व शाहीने अंजुम ने कहा कि पांच लाख रूपये दे दो (शेष पृष्ठ सात पर)

## ग्रामीण को निवाला बनाने वाला बाघ पकड़ा

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। अल्मोड़ा जिले के सल्ट क्षेत्र में कार्बेट और कालागढ़ टाइगर रिजर्व से लगे तड़म गांव में ग्रामीण की जान लेने वाले बाघ को आखिरकार वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। पूर्व निर्धारित रणनीति के तहत विशेषज्ञ शूटर दल ने कई दिनों तक बाघ की गतिविधियों और व्यवहार का अध्ययन करने के बाद उसे ट्रैंकुलाइज कर सुरक्षित कैद कर लिया। इसके साथ ही हिंसक वन्यजीव बाघ था या गुलदार, इसको लेकर बना संशय भी दूर हो गया है। विशेषज्ञों के अनुसार तड़म गांव में पिछले एक माह के दौरान हुई दो घटनाओं में यही वयस्क नर बाघ शामिल था। देर रात बेहोश किए जाने के बाद उसे रामनगर स्थित कार्बेट टाइगर रिजर्व के रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया। डीएफओ दीपक सिंह ने उम्मीद जताई कि तड़म गांव के लोगों को अब मानव वन्यजीव संघर्ष से राहत मिलेगी। बताया गया कि तल्ला सल्ट क्षेत्र के मोहान रेंज अंतर्गत तड़म गांव के बौरड़ा तोक में तीन मई की शाम 55 वर्षीय महिपाल सिंह मेहरा पर बाघ ने उस समय हमला कर दिया था जब वह अपनी पत्नी के साथ घास लेकर घर लौट रहे थे। घर के पास खेत में हुए इस हमले में उनकी मौत हो गई थी। घटना के बाद ग्रामीण लगातार दावा कर रहे थे कि हमलावर बाघ ही था। वहीं वन विभाग ड्रोन और ट्रैप कैमरों की मदद से हिंसक वन्यजीव (शेष पृष्ठ सात पर)



## उत्तरांचल पंजाबी महासभा के पुनर्गठन के लिए कोर कमेटी गठित

### देहरादून में आयोजित बैठक में पंजाबी विधायकों व मेयर के संरक्षण में सात सदस्यीय कमेटी का गठन

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के पुनर्गठन, संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने और नई कार्यकारिणी के गठन की दिशा में अहम कदम उठाते हुए पंजाबी समाज के विधायकों, मेयर और वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों के संरक्षण में सात सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया है। यह निर्णय देहरादून में कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा की अध्यक्षता में आयोजित पंजाबी समाज के मिलन समारोह में सर्वसम्मति से लिया गया।कार्यक्रम में महासभा के अध्यक्ष राजीव घई ने प्रदीप बत्रा का पगड़ी, माला और प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने उत्तरांचल पंजाबी महासभा के पुनर्गठन का प्रस्ताव रखा,जिसे उपस्थित प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया।रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने प्रदीप बत्रा को उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। उन्होंने पंजाबी समाज के योगदान और विभाजन के दौरान दिए गए बलिदानों का उल्लेख करते हुए 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाए जाने के निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री धामी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।राज्यमंत्री विश्वास डाबर ने समाज की एकजुटता पर बल देते हुए समुचित प्रतिनिधित्व की आवश्यकता बताई। दर्जा राज्यमंत्री दिनेश मानसेरा, दिलजीत सिंह सोढ़ी, काशीपुर मेयर दीपक बाली और डी.एस. मान सहित अन्य वक्ताओं ने पंजाबी संस्कृति के संरक्षण और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।बैठक में निर्णय लिया गया कि पंजाबी समाज से जुड़े विधायक, मेयर और अन्य जनप्रतिनिधि (शेष पृष्ठ सात पर)




### चर्चा में रही किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ की गैरमौजूदगी

देहरादून। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के पुनर्गठन को लेकर देहरादून में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेशभर से पंजाबी समाज के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में समाज से जुड़े कई विधायक, मेयर मौजूद रहे, लेकिन किच्छा से कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ की अनुपस्थिति (शेष पृष्ठ सात पर)

# मस्जिदों में लगने लगे पोस्टर, एसआईआर के लिए दस्तावेज तैयार रखें

## मस्जिदों के जरिए कागज पूरे कराने के लिए जमीयत करेगी मदद

देहरादून। उत्तराखंड में एसआईआर यानि मतदाता सूची में पुनर्निरीक्षण का काम अगले कुछ हफ्तों में शुरू हो सकता है। खास बात ये कि उत्तराखंड की कई मस्जिदों में ऐसे पोस्टर या सूचनाएं चिपके हुए देखे जा सकते है जिनमें लोगों से चालीस साल पुराने दस्तावेज निकाल कर रखने को कहा जा रहा है। उत्तराखंड में डेमोग्राफी चेंज की खबरों के बीच एसआईआर को लेकर भी ये चर्चा है कि यहां लाखों की संख्या में वोटरलिस्ट में जो नाम है वो मौके पर नहीं मिल रहे है। इनमें ज्यादातर वो लोग बताए जा रहे है जोकि दूसरे राज्यों से यहां आए और उनके नाम यहां की मतदाता सूची में दर्ज हुए पिछले दिनों बिहार बंगाल असम में चुनाव हुए तो बहुत से बड़ी संख्या में लोगों ने वहां की मतदाता सूची में दर्ज नाम के आधार पर मतदान किया। ऐसे बहुत से नाम सामने आए जोकि कई राज्यों की मतदाता सूची में दर्ज हुए थे। बाहरी लोगों ने अपने मूल राज्य में मिलने वाली सुविधाओं, स्थानीय राजनीतिक समीकरणों के आधार पर वहां जाकर वोट डाले। अब एसआईआरउत्तराखंड में भी होना है जिसके लिए शासन प्रशासन में तैयारियां तो चल ही रही है, राजनीतिक दल भी अपनी तैयारी कर रहे है। उत्तराखंड में कुल 11733 पोलिंग बूथ है, संभवत: 811 नए पोलिंग बूथ भी बनाए जाने है जिनकी मतदाता सूची पर एसआईआर होना है। इनमें से 88 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, शेष 12 प्रतिशत वोटर्स पर काम चल रहा है। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस ने अपना मुस्लिम वोट बैंक को पुख्ता करने के लिए,मुस्लिम नेताओं को लगाया है साथ ही जमीयत उलेमा ए हिंद के वर्कर्स भी मस्जिदों के जरिये वोटर संबंधी दस्तावेज पूरे करने के लिए तैयारी कर चुके है। कांग्रेस ने अभी तक लगभग सभी बूथों के लिए अपने बीएलओ सूचीबद्ध कर लिये है। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य के सभी पुलिस बूथ के लिए जो बीएलओ बनाए है उनको प्रशिक्षण देने का काम पूरा कर लिया है।ये बीएलओ अपने अपने क्षेत्रों में गायब मतदाता और नए मतदाताओं की समीक्षा करेंगे। यूपी से लगे जिलों में कई लाख मतदाता प्री मैपिंग में नहीं मिल पा रहे है। राजधानी देहरादून और जिले की बात की जाए तो राज्य बनने के वक्त यहां जिले में 75 मलिन बस्तियां थी जिनमे नाम मात्र की आबादी थी, लेकिन 2004 में इनकी संख्या बढ़ कर 102 और 2008 में 129 हो गई। 2016 में ये संख्या 150 तक जा पहुंची और अब ये संख्या 200 के करीब पहुंच गई है।देहरादून के बीच बहने वाली रिस्पना बिंदाल और अन्य बरसाती नदियों के दोनो तरफ कई किमी तक नदी श्रेणी फ्लड जोन की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे है और यहां बसे और बसाए गये लोगों ने नाम वोटर सूची में दर्ज किए हुए थे। **एक देश एक चुनाव एक वोटर लिस्ट :** ऐसी सामाजिक चर्चा है कि भविष्य में भारत सरकार एक देश एक चुनाव और एक वोटरलिस्ट की संकल्प पर आगे बढ़ सकती है। यानि देश में कहीं भी जब भी कोई चुनाव हो चाहे लोकसभा चाहे विधान सभा चाहे स्थानीय निकाय वहां भविष्य में एक ही सूची बनाई जाएगी ताकि इस पर होने वाला खर्चा और समय दोनों बच सके। डिजिटल युग में ऐसा संभव भी है और इससे चुनाव प्रक्रिया भी पारदर्शी होगी। इन्हीं कुछ कारणों



मतदाताओं में ऐसी चर्चा गहराई हुई है कि वे अपने मूल स्थान की मतदाता सूची में ही अपने नाम दर्ज कराए। ऐसा भी कहा जा रहा है दूसरे देशों की तरह भारत में भी आने वाले समय में चुनाव सुधारों के तहत ऑनलाइन वोटिंग की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। ऐसे में मतदाताओं में इस बार एसआईआर को लेकर गंभीरता है।

# ट्रैवल कारोबारी ने परिवहन इंस्पेक्टर को ऑफिस में बनाया बंधक

## रिश्वत मांगने के आरोपों के बीच सोशल मीडिया पर घटना बनी चर्चा का विषय

देहरादून (उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून के हर्रावाला क्षेत्र में परिवहन विभाग से जुड़ा एक हैरान करने वाला



मामला सामने आया है। यहां एक ट्रैवल कारोबारी ने परिवहन विभाग के एक इंस्पेक्टर को अपने कार्यालय के अंदर शटर बंद कर करीब एक घंटे तक कथित रूप से कैद कर लिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार हर्रावाला चौकी क्षेत्र में संचालित एक ट्रैवल व्यवसायी ने आरोप लगाया कि परिवहन विभाग का संबंधित इंस्पेक्टर हर महीने उससे आठ हजार रुपये की रिश्वत मांगता था। कारोबारी का कहना है कि वह लंबे समय से कथित वसूली से परेशान था। इसी से तंग आकर उसने इंस्पेक्टर को कार्यालय के अंदर बंद कर दिया ताकि पूरा मामला सार्वजनिक हो सके। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान कार्यालय का शटर बाहर से बंद कर दिया गया, जिससे परिवहन इंस्पेक्टर करीब एक घंटे तक अंदर ही मौजूद रहे। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और मामला तेजी से फैल गया। वहीं परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर ने रिश्वत लेने के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। इंस्पेक्टर का कहना है कि मौके पर किसी वसूली के लिए नहीं गए थे, बल्कि लघुशंका के लिए वहां रुके थे। इसी दौरान ट्रैवल कारोबारी ने उन्हें अंदर बुलाकर रस मलाई खाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि वह कार्यालय के अंदर बैठकर रस मलाई खा रहे थे, तभी कारोबारी ने बाहर से शटर बंद कर दिया। इंस्पेक्टर ने कहा कि ट्रैवल कारोबारी उन्हें पहले से जानता है, लेकिन अचानक इस तरह कार्यालय में बंद क्यों किया गया इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। घटना के बाद परिवहन विभाग और स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। रिश्वतखोरी के आरोप और सरकारी अधिकारी को कार्यालय में बंद करने की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि अभी तक मामले में किसी आधिकारिक जांच या मुकदमे की पुष्टि नहीं हुई है। यह मामला सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। लोग परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली और ट्रांसपोर्ट कारोबारियों पर कथित दबाव को लेकर सवाल उठा रहे हैं। वहीं कुछ लोग सरकारी अधिकारी को बंधक बनाए जाने की घटना को कानून व्यवस्था के लिहाज से गंभीर बता रहे हैं। फिलहाल पूरे मामले में पुलिस और संबंधित विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है।

# गूलरभोज में नर्स डे पर स्वास्थ्य कर्मियों का हुआ सम्मान

गूलरभोज (उद संवाददाता)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गूलरभोज में 'इंटरनेशनल नर्स डे' के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज सेवा और स्वास्थ्य क्षेत्र में नर्सों के अतुलनीय योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ. कुलदीप रघुवंशी और समाजसेवी अमित गुप्ता ने चिकित्सालय के समस्त स्टाफ को सम्मानित किया।इस अवसर पर



व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ. कुलदीप रघुवंशी ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होती हैं, जो निस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करती हैं। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को उपहार व सम्मान चिन्ह भेंट कर उनकी हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में डॉ. ओ.एन. ओझा, दीपक कश्यप, शशि प्रभाकर, पूजा यादव और बिमला सहित स्वास्थ्य केंद्र के समस्त कर्मचारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मकान मालिक ने अचानक काटी पीएनबी की बिजली

गदरपुर। स्वराज नगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में उस समय हड़कंप मच गया, जब मकान मालिक द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के बैंक की बिजली काट दी गई। बिजली कटने से बैंक का लेनदेन पूरी तरह ठप हो गया है और सीसीटीवी कैमरे बंद होने से बैंक की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है। शाखा प्रबंधक द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी गई लिखित शिकायत के अनुसार, पंजाब नेशनल बैंक की यह शाखा स्वराज नगर में श्रीमती कुलविंदर कौर के मकान में किराए पर संचालित है। बैंक प्रबंधन का आरोप है कि 11 मई 2026 को मकान मालिक कुलविंदर कौर और उनके सहयोगी मंगल सिंह ने बिना किसी पूर्व जानकारी या कानूनी नोटिस के अचानक बैंक की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी। बैंक प्रबंधक ने पुलिस को बताया कि बिजली कटने के कारण बैंक के कंप्यूटर और सर्वर बंद हो गए हैं, जिससे ग्राहकों का काम



रुक गया है। सबसे बड़ी चिंता बैंक की सुरक्षा को लेकर है, क्योंकि बिजली न होने से शाखा में लगे सुरक्षा अलार्म और सीसीटीवी कैमरों ने काम करना बंद कर दिया है। बैंक में जमा नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की सुरक्षा अब खतरे में है। बैंक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ऊधमसिंह नगर से हस्तक्षेप की मांग की है। शाखा प्रबंधक ने पत्र के माध्यम से दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और जनता के हित में बैंक की बिजली आपूर्ति तुरंत बहाल करवाने की अपील की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन बिजली न होने से बैंक में कामकाज पूरी तरह बाधित बना हुआ है।

# वेतन वृद्धि की मांग को लेकर श्रमिकों का प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल सेक्टर एक स्थित यूरो ग्रुप श्री चक्रा कम्पनी के सैकड़ों श्रमिकों ने आज वेतन वृद्धि की मांग को लेकर गांधी पार्क में जोरदार प्रदर्शन किया। श्रमिकों का आरोप है कि वह कम्पनी में पिछले कई वर्षों से काम कर रहे है। लेकिन उन्हें 8 घंटे काम के मात्र 13 हजार रूपये ही वेतन दिया जा रहा है जबकि उनसे कम्पनी प्रबंधन द्वारा 12 घंटे का काम लिया जा रहा है। इसलिए अतिरिक्त 4 घंटे के काम का डबल भुगतान किया जाये। उन्होंने कहा कि माह में सभी श्रमिकों से 30 दिन का काम कराया जा रहा है। जबकि माह में चार दिन का नियमानुसार अवकाश होना चाहिए। इसलिए उन्हें माह में किसी भी निर्धारित दिवस पर चार दिन का अवकाश दिया जाये। श्रमिकों का कहना है कि अतिरिक्त समय काम कराने पर



उन्हें कंटीन में नि:शुल्क भोजन की सुविधा दी जाये। यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो वह आन्दोलन तेज करने को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेवारी कम्पनी प्रबंधन की होगी। इस दौरान विकास, सुमित, रौरभ, ऋषभ, राकेश, कार्तिक, भगवत, सूरज, अर्जुन,मनोज, कृष्ण कांत, मुकेश, जितेन्द्र, पिंटू, मोरपाल, रमेश, ओमप्रकाश, मदनलाल, पवन, वीरपाल, सत्यपाल, राजवीर, रंजीत कुमार व नरोत्तम आदि श्रमिक मौजूद थे।

# अगवा किशोरी बरामद, आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली क्षेत्र से गत माह बहला फुसलाकर अगवा की गई किशोरी को पुलिस ने बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया। मिली जानकारी के अनुसार 25 अप्रैल को कोतवाली ट्रांजिट कैम्प में एक महिला ने रपट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 15 वर्ष घर से बिना बताये कही चली गयी है। घटना के विवेचक उ0नि0 मनोज जलाल ने मामले में कार्रवाई करते हुए गुमशुदा नाबालिग को खैर अलीगढ़ उत्तर प्रदेश में रोहित जोशी पुत्र तारा दत्त जोशी निवासी रामबाग कालोनी बन्नादेवी अलीगढ़ उत्तर प्रदेश के साथ बरामद किया गया



हैं। पुलिस ने नाबालिग पुत्री को शादी करने के लिये बहला-फुसलाकर लेकर जाना और उसका शारीरिक शोषण करने के आरोप में रोहित को पॉक्सो अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया तथा न्यायालय के समक्ष पेश किया। गुमशुदा नाबालिग को मेडिकल परीक्षण कर उसके परिजनो के सुपुर्द कर दिया गया।

# अवैध तमंचे और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

रामनगर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने रविवार की शाम मुखबिर की सूचना पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।मामले की जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे ने बताया कि कोतवाली में तैनात कांस्टेबल गगन भंडारी एवं महबूब आलम को मुखबिर के माध्यम से क्षेत्र में अवैध हथियार होने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर त्वरित



कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने मंगलार चौराहे के समीप घेराबंदी की। यहाँ से आदर्श कॉलोनी निवासी शमी को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और उसे न्यायालय में पेश करने की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# चंपावत जिले की सह प्रभारी बनने पर भाजपाइयों ने दी शैली फुटेला को बधाई

किच्छा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं प्रदेश संगठन महामंत्री अजय कुमार के दिशा निर्देशन में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि चौहान भट्ट ने उत्तराखंड के सभी जिलों में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला प्रभारी एवं जिला सह प्रभारियों की घोषणा कर सूची जारी कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष रुचि चौहान ने प्रदेश के 19 जिलों के लिए सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं का मनोनयन करते हुए उन्हें बधाई दी और पार्टी हित में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। नगर निवासी वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष शैली फुटेला को चंपावत जिले का सह प्रभारी तथा कमला



चुफाल को जिला प्रभारी की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। मनोनयन की सूचना पर नवनियुक्त जिला सह प्रभारी श्रीमती शैली फुटेला ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश संगठन महामंत्री अजय कुमार एवं महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा उन्हें जिस आशा के साथ इस अहम जिम्मेदारी को दिया गया है, वे अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पालन कर भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करेंगी। श्रीमती फुटेला को चंपावत जिले का सह प्रभारी बनाए जाने पर नगर के तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पीएम की अपील सराफा बाजार के लिए डेथ वारंटः जुनेजा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से आगामी एक वर्ष तक सोना न खरीदने की अपील किए जाने के बाद सर्राफा



व्यापारियों और व्यापारिक संगठनों में भारी रोष व्याप्त है। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने प्रधानमंत्री की इस अपील को सर्राफा बाजार के लिए "डेथ वारंट" करार देते हुए कहा कि यह बयान पहले से आर्थिक मंदी, महंगाई और घटती खरीदारी से जूझ रहे सर्राफा कारोबार के लिए बेहद नुकसानदायक साबित हो सकता है। श्री जुनेजा ने कहा कि भारतीय समाज में सोना केवल आभूषण नहीं, बल्कि वर्षों से सुरक्षित निवेश, पारिवारिक परंपरा और संकट के समय सहारा माना जाता है। ऐसे में देश के सर्वोच्च नेतृत्व द्वारा जनता से सोना न खरीदने की अपील करना बाजार में नकारात्मक संदेश देने वाला कदम है, जिससे व्यापारियों के साथ-साथ लाखों कारीगरों और श्रमिक परिवारों की आजीविका पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सर्राफा बाजार केवल बड़े-बड़े शोरूमों तक सीमित नहीं है, बल्कि इस उद्योग की असली ताकत छोटे व्यापारी, सुनार, डिजाइनर, पॉलिश मजदूर, पैकिंग कर्मी, ट्रांसपोर्ट व्यवसायी तथा दैनिक मजदूरी पर कार्य करने वाले लाखों कारीगर हैं। यदि सोने की खरीदारी में भारी गिरावट आती है तो छोटे व्यापारियों की दुकानदारी ठप हो जाएगी और हजारों कारीगर बेरोजगारी की कगार पर पहुंच जाएंगे। श्री जुनेजा ने कहा कि सर्राफा कारोबार से जुड़े सहायक उद्योग जैसे पॉलिशिंग, डिब्बा निर्माण, पैकिंग, कूरियर सेवाएं और ट्रांसपोर्ट व्यवसाय भी गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। व्यापारियों द्वारा पहले से खरीदे गए भारी स्टॉक पर लगने वाला ब्याज और लागत उन्हें आर्थिक संकट एवं दिवालियापन की स्थिति तक पहुंचा सकती है। वहीं छोटे कारीगरों की आय रुकने से उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा और कई लोगों को पलायन या दूसरा रोजगार तलाशने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने केंद्र सरकार से मांग की कि व्यापारियों और कारीगरों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसे बयानों और नीतियों पर पुनर्विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में छोटे व्यापारी और कारीगर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए सरकार को ऐसे कदम उठाने चाहिए जिससे बाजार में विश्वास और व्यापारिक गतिविधियां बढ़ें, न कि पूरा उद्योग ही संकट में पड़ जाए।

# नालंदा स्कूल में आयोजित किया गया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

किच्छा। नगर स्थित नालंदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर चिकित्सकों की टीम द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क परामर्श देकर दवाएं वितरित की गई। नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित नालंदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित जागरूकता शिविर में सर्वाइकल, कैंसर, वैक्सीनेशन आदि के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों के नेत्रों की निशुल्क जांच की गई। आयोजित शिविर में विद्यालय की निदेशक डॉ मृदुला किशोर एवं डॉ राहुल किशोर सहित वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ वंदना ठाकुर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ रेणुका मिश्रा ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें जागरूक किया। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



डॉ मृदुला किशोर ने सर्वाइकल, कैंसर, एचपीवी वैक्सीनेशन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं में होने वाला एक गंभीर लेकिन बचाव योग्य कैंसर है तथा समय पर टीकाकरण और जागरूकता से इस बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया। इस मौके पर निदेशक डॉ मृदुला किशोर एवं डॉ राहुल किशोर ने कार्यक्रम में उपस्थित माताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर प्रधानाचार्य बृजेश कुमार दुबे, रवि रावत, सुनील कुमार, प्रभा गंगवार, बबली गौतम आदि मौजूद रहे।

# बाबा हरदेव सिंह को अर्पित समर्पण दिवस का आयोजन 13 मई को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बाबा हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति को समर्पित 'समर्पण दिवस' का भावपूर्ण आयोजन कल दिन बुधवार 13 मई को सांय 5:00 से सांय 7:00 बजे तक, संत निरंकारी सतसंग भवन गौजाजाली बरेली रोड में आयोजित किया जाएगा। जिसमें समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हरदेव सिंह जी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। बाबा हरदेव सिंह जी केवल संत निरंकारी मिशन के आध्यात्मिक गुरु ही नहीं थे, बल्कि वे प्रेम, करुणा, सहजता और मानवीय संवेदनाओं के सजीव आत्मिक मित्र थे। उनकी मधुर मुस्कान, विनम्र व्यक्तित्व और दिव्य वाणी ने अनगिनत हृदयों को आत्मिक शांति का अनुभव कराया। उन्होंने मानव जीवन को आत्मज्ञान से आलोकित कर यह संदेश दिया कि सच्चा जीवन वही है, जो प्रेम, सेवा, सहअस्तित्व और समर्पण से परिपूर्ण हो। उनके दिव्य नेतृत्व में संत निरंकारी मिशन ने समाज सेवा को आध्यात्मिकता का अभिन्न अंग बनाते हुए रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य सेवाएँ, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं को ऊर्जा को आध्यात्मिक दिशा देने जैसे अनेक लोक कल्याणकारी कार्यों द्वारा समाज में सकारात्मक परिवर्तन की सशक्त धारा प्रवाहित की। बाबा जी का दृष्टिकोण स्पष्ट था कि ईश्वर की सच्ची भक्ति मानव सेवा के माध्यम से ही सार्थक होती है।

# सपा कार्यकर्ताओ ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला

जसपुर। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड में निरंतर बढ़ रहे महिला अपराध व लचर होती कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार का पुतला फूंककर आक्रोश व्यक्त किया। सपा जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा ने कहा कि उत्तराखंड में महिलाओं पर हो रहे अपराधों में जिस प्रकार से भाजपा के नेताओं के नाम सार्वजनिक होते हैं उसे कानूनी न्यायिक व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लग जाते हैं और आम जनमानस को न्याय नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा की सरकार दोषियों को निर्दोष साबित करने के लिए कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। कहा कि उत्तराखंड में महिलाओं



के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर हालिया समय में कई रिपोर्ट और सर्वे सामने आए हैं जो प्रदेश के कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हैं नवीनतम आंकड़ों के अनुसार उत्तराखंड में महिला सुरक्षा एक संवेदनशील मुद्दा बन चुका है लेकिन सरकार इस पर लगातार विफल साबित हो रही है। आगे कहा कि प्रदेश में अराजकता और बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं जिससे महिलाएं अपने घरों में भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रही। कथित तौर पर उन भाजपा नेताओं को बचाने में सरकार लगी हुई है जो दुष्कर्म जैसे मामलों में शामिल हैं। इस दौरान प्रदेश सचिव मोहम्मद इमरान खान नगर अध्यक्ष जसपुर डॉक्टर नईम अहमद महिला सभा नगर अध्यक्ष जसपुर परवीन जहां हाजी सिब्ते हसन मेहरबान अली मोहम्मद नाजिम सैफी मुमताज जहां नरगिस मीना नफीसा बेगम आदि दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध प्रार्थना सभागार पर प्रशासन की कार्रवाई

गदरपुर। गदरपुर तहसील क्षेत्र के बुढ़िया कालोनी मजरा शीला, रामजीवनपुर में कथित धर्म परिवर्तन और अवैध रूप से प्रार्थना सभागार संचालित किए जाने के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त शिकायत के आधार पर रविवार को अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) उधम सिंह नगर की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि सुरेन्द्र सागर पुत्र महावीर सागर द्वारा आवासीय भूमि पर कथित रूप से अवैध तरीके से इसाई धर्म की प्रार्थना सभा के लिए सभागार का निर्माण कराया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र हो गए। स्थानीय हिन्दू समाज के लोगों ने



प्रशासन को बताया कि आरोपित द्वारा लोगों को डरा-धमकाकर तथा विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि इस कार्य में शामिल अन्य सदस्य आसपास के गांवों में भी सक्रिय हैं और धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास कर रहे हैं। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने उपजिलाधिकारी गदरपुर को सुरेन्द्र सागर और उनके सहयोगियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधित भूमि के कथित अवैध उपयोग को देखते हुए उसे राज्य सरकार में निहित किए जाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासन का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# धरने को सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने दिया समर्थन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बंगाली समाज के आरक्षण एवं अधिकारों को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरने के तीसरे दिन आंदोलन ने नया रूप ले लिया है। सुब्रत कुमार विश्वास के नेतृत्व में जारी इस आंदोलन को विभिन्न सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों और समाजसेवियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। आंदोलनकारी बंगाली समाज के लिए आरक्षण और पूरे भारतवर्ष में एक देश एक कानून की मांग प्रमुखता से उठा रहे हैं। धरना स्थल पर आयोजित गोष्ठी में समाज के सामने आ रही समस्याओं और विभिन्न राज्यों में हो रहे भेदभाव पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन और देश के विकास में ऐतिहासिक योगदान के बावजूद बंगाली समाज उपेक्षा का शिकार है। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने आंदोलन को न्यायसंगत बताते हुए कहा कि समाज अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष कर रहा है। उन्होंने सरकार से इस मांग पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया। बंगाली धरने में मौजूद वक्ताओं ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि वर्ष 2027 से पहले समाज को आरक्षण नहीं दिया गया, तो आने वाले चुनावों में सरकार का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। इस अवसर पर



कल्याण समिति के प्रदेश महासचिव नारायण हालदार और महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता हालदार ने कहा कि यह लड़ाई अब पूरे देश के बंगाली समाज की आवाज बन चुकी है। उन्होंने महिलाओं से भी आंदोलन में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की। इंकलाब मजदूर केंद्र के उपसचिव दिनेश भट्ट, युवा नेता किशोर हालदार, बिट्टू माझी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा के अंत में समाज के लोगों से जाति और राजनीति से ऊपर उठकर अधिकारों की लड़ाई में एकजुट होने का आह्वान किया गया।

# संस्कृत ग्राम पाण्डेगांव में गूंजा संस्कृत भाषा का स्वर

कोटाबाग (उद संवाददाता)। उत्तराखंड शासन के संस्कृत शिक्षा सचिव दीपक गैराला ने सोमवार को जनपद नैनीताल के विकासखंड कोटाबाग स्थित संस्कृत ग्राम पाण्डेगांव का निरीक्षण किया। इस अवसर पर संपूर्ण ग्राम में उत्सव जैसा वातावरण रहा और ग्रामवासियों ने सचिव का पारंपरिक व भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा संस्कृत में स्वागत गीत और श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक पाठ के साथ हुआ। विशेष बात यह रही कि पाण्डेगांव में बच्चे, महिलाएं और ग्रामीण सामान्य व्यवहार में संस्कृत भाषा का प्रयोग करते हैं। अपने संबोधन में सचिव दीपक गैराला



ने ग्रामीणों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति और ज्ञान विज्ञान की मूल भाषा है। उन्होंने बताया कि संस्कृत शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा गार्गी छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है। इसके अतिरिक्त संस्कृत की छात्राओं के लिए हरिद्वार में 150 बेड का बालिका छात्रावास भी प्रारंभ किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों को संस्कृत भाषा सीखने हेतु रेडियो पर प्रसारित होने वाले संस्कृत समाचार सुनने के लिए भी प्रेरित किया। ग्राम प्रधान प्रभा पाण्डे ने संस्कृत के प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक संसाधनों की मांग रखी, जिस पर सचिव ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। सहायक निदेशक संस्कृत शिक्षा यशोदा प्रसाद सेमल्टी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक दीपक पाण्डे द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्वेता सैनी, डॉ हरिचन्द्र गुरुरानी, दुर्गादत्त कपिलाश्रमी, राजेन्द्र भट्ट, प्रकाश रूवाली, डॉ नारायण दत्त थुवाल, कृष्ण चन्द्र पाण्डे, हरीश चन्द्र जोशी और नवीन चन्द्र जोशी सहित अनेक शिक्षक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# धार्मिक गतिविधियों के लिए भूमि उपयोग बदलने पर प्रशासन का नोटिस जारी

गदरपुर। तहसील गदरपुर क्षेत्र में कृषि/आवासीय भूमि के कथित गलत उपयोग के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी/परगनाधिकारी कैंप गदरपुर, जनपद ऊधमसिंहनगर की ओर से जारी किया गया है।जारी नोटिस के अनुसार राज्य सरकार बनाम सुरेंद्र सागर पुत्र महावीर सागर निवासी मजराशीला तथा सुनील कश्यप पुत्र दुखीराम निवासी इंदानगर, देहरादून के विरुद्ध उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि सुधार अधिनियम की धारा 167 के अंतर्गत कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।प्रशासनिक अभिलेखों के अनुसार गदरपुर तहसील क्षेत्र की संबंधित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु क्रय किया गया था, लेकिन आरोप है कि उक्त भूमि पर बिना अनुमति धार्मिक प्रार्थना सभा हॉल/अतिथि गृह का निर्माण एवं संचालन किया जा रहा है। नोटिस में कहा गया है कि भूमि का उपयोग निर्धारित प्रयोजन से भिन्न तरीके से किया जाना नियमों का उल्लंघन माना गया है।परगनाधिकारी कार्यालय द्वारा संबंधित पक्षों को 12 मई 2026 को प्रातः 10 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित तिथि पर उपस्थित न होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है।

'जय माता दी' 'जय बाबा

श्री गोस्वामी आश्रम के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में

श्री बालाजी दरबार

स्थानः- श्री गोस्वामी आश्रम, सूरजपुर नं० 1 गदरपुर

दिनांकः 13 मई 2026 समयः रात्रि 8:30 बजे से

निवेदकः-विकास शर्मा, श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबल ट्रस्ट, रूद्रपुर

एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार, संपर्क सूत्र 8439733314,8272020006,9897545454

# जिला पंचायत की सामान्य बैठक में एक अरब से अधिक का बजट पारित

## अध्यक्ष अजय मौर्य ने जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर जनसमस्याओं के निस्तारण पर दिया जोर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अध्यक्ष जिला पंचायत अजय मौर्य की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य बैठक जिला पंचायत सभागार में आहूत की गयी। उन्होंने कहा कि छोटी छोटी समस्याओं को भी लेकर जनता जनप्रतिनिधियों के पास आती है और जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता की समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को अवगत कराया जाता है। उन्होंने निर्देश दिए कि जनता की जो भी समस्या है उसे सम्बन्धित अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण और जांच कर समाधान सुनिश्चित करेंबैठक का प्रारम्भ करते हुए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अध्यक्ष की अनुमति से सदन के सम्मुख पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं बजट सम्बन्धी जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में आय पक्ष हेतु 1,03,07,08,139 रुपये एवं व्यय पक्ष हेतु 1,02,15,58,139 रुपये का प्रावधान रखा गया है। बैठक में सदस्य भाष्कर सम्मल द्वारा सदस्यों को प्रति बैठक मिलने वाले भत्ते की बढोतरी करने एवं विधायकों की तरह जिला पंचायत सदस्यों को भी निधि दिए जाने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने की मांग रखी। चर्चा के दौरान सदस्य चरन्जीत सिंह, सूरज नारायण, भाष्करण सम्मल, नईम अहमद व रीता कफल्टिया आदि सदस्यों द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विद्युत, शिक्षा, जलापूर्ति, सिंचाई और चिकित्सा आदि विषयों पर अपनी समस्याओं से सदन को अवगत कराया गया।मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने कहा कि बैठक में जो भी जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्याएं रखी गई हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के समाधान हेतु स्थानीय स्तर पर भ्रमण कर प्रभावी कार्यवाही की जाए। अंत में अध्यक्ष द्वारा सभा में उपस्थित सदस्यों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्त की गयी।बैठक में जिला पंचायत हीरा देवी, रीता कफल्टिया, संगीता राणा, अनिमा सिंह, मधु राणा, आशा देवी, सूरज नारायन, सदफ मलिक, भाष्कर सम्भल, गुरदास कालडा, प्रेम प्रकाश, रेनु गंगवार, दीपा, भावना कोरंगा, शिल्की खेडा, रेखा रानी, सुषमा हलदार, मौ फुरकान, जितेन्द्र शर्मा, सीमा कौर, योगेन्द्र सिंह ढोबाल, कैलाश रानी शर्मा, बीनू, रुकमणी, सुरेन्द्र कौर, रजनी, नईम अहमद, कामिनी सिंह, मौ हसन, चरनजीत सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ केके अग्रवाल, डीएफओ यूसी तिवारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत जीसी भट्ट सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।





# कुमाऊं आयुक्त ने किया नैनीताल तहसील का निरीक्षण

## लंबित मामलों और लापरवाही पर अधिकारियों कर्मचारियों को लगाई फटकार







नैनीताल (उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त एवं मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत ने सोमवार को नैनीताल स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय और निबंधन कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लंबित राजस्व वादों, अभिलेखों के रखरखाव और कार्यालयीय कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कई स्तरों पर खामियां मिलने पर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने धारा 229 बी के अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा की। इस दौरान संज्ञान में आया कि कुछ प्रकरण 15 से 20 वर्षों से लंबित हैं। इस पर आयुक्त ने उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि पुराने मामलों में अनावश्यक लंबी तिथियां न दी जाएं तथा प्रत्येक सप्ताह सुनवाई कर लंबित वादों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। धारा 176 से संबंधित संपत्ति बंटवारे के मामलों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कुछ प्रकरणों में उपजिलाधिकारी द्वारा आदेश जारी करने के बावजूद संबंधित पटवारियों द्वारा कुर्रे दाखिल नहीं किए गए हैं। इस पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और आवश्यकतानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान धारा 143 के अंतर्गत भूमि को अकृषक किए जाने से संबंधित लंबित आवेदनों और उनके निस्तारण की भी समीक्षा की गई। इस दौरान राजस्व अहलमद रोहित पालीवाल द्वारा मामलों की संतोषजनक जानकारी न रखे जाने, पत्रावलियों और अभिलेखों का सही ढंग से रखरखाव न किए जाने तथा कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने उपजिलाधिकारी नैनीताल को संबंधित कार्मिक को कारण बताओ नोटिस जारी करने और प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। कुमाऊं आयुक्त ने विभिन्न राजस्व निरीक्षकों और उप निरीक्षकों द्वारा भी समय पर कार्रवाई न किए जाने पर ऐसे कर्मचारियों की सूची तैयार कर उनके खिलाफ भी प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सम्मन तामिली पंजिका, इश्तहार पंजिका तथा अन्य पत्रावलियों का भी अवलोकन किया गया। आयुक्त ने उपजिलाधिकारी और तहसीलदार को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि तहसील क्षेत्र के सभी राजस्व निरीक्षकों और उप निरीक्षकों के साथ बैठक कर धारा 143 से संबंधित सभी लंबित मामलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती तब तक कार्यालय खुला रहेगा और अद्यतन रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा कार्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि न्यायालयों में दर्ज राजस्व वादों को आरसीएमएस पोर्टल पर भी अपलोड किया जाए। निरीक्षण के दौरान धारा 210, 209, 166, 167 और अन्य लंबित राजस्व वादों की भी समीक्षा की गई। विभिन्न मामलों में आदेश जारी होने के बावजूद पटवारियों द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित पटवारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद आयुक्त ने सब रजिस्ट्रार कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों और रजिस्ट्री दस्तावेजों के रखरखाव में अनियमितताएं पाई गईं। जमीन की रजिस्ट्री होने के बाद संबंधित क्रेताओं को रजिस्ट्री देने हेतु रिसिविंग पंजिका उपलब्ध न होना तथा कई रजिस्ट्रियों का विवरण मौके पर उपलब्ध न मिलने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने दस्तावेजों और अभिलेखों के अद्यतन रखरखाव के निर्देश देते हुए सब रजिस्ट्रार से स्पष्टीकरण तलब किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी सौरभ असवाल, प्रशिक्षु आईएएस दिव्यांशु मीणा, तहसीलदार अक्षत कुमार भट्ट सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • स्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश


# संत निरंकारी मिशन ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मानव कल्याण हेतु सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं उनके दिव्य मार्गदर्शन द्वारा पंचायत घर शिव मंदिर गौला रोड हल्दुचौड में संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन (संत निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग) द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन के 230 भक्तों द्वारा नि:स्वार्थ भाव से रक्तदान किया गया। रक्त संग्रहित करने हेतु सोबन सिंह जीना बेस हास्पिटल, राजकीय सुशीला तिवारी हास्पिटल, रेडक्रास सोसायटी हल्द्वानी नैनीताल ब्लड बैंक की टीमें वहां उपस्थित हुई। इस शिविर का उद्घाटन कैबिनेट मत्री हरीश दुर्गापाल एवं लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने किया। रक्तदान शिविर के दौरान निरंतर सत्संग चलता रहा। आशीर्वाद देने हेतु चमोली जोन से ज्ञान प्रचारक महात्मा आदरणीय के के सागर पहुंचे। हल्दुचौड के मुखी पी एस विष्ट ने बताया कि संत निरंकारी मिशन रक्तदान करने में समूचे देश व विश्व में अग्रणी रहा है। मिशन द्वारा अभी तक 9,189 रक्तदान शिविरों के आयोजन से 15,00,989 युनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है। उन्होंने बताया संत निरंकारी मिशन आध्यात्मिक उत्थान के साथ साथ समाज कल्याण की गतिविधियों जिनमें मुख्यत: रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, प्रोजेक्ट अमृत' के तहत सफाई अभियान स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना, वृक्षारोपण, महिला एवं बाल विकास सशक्तिकरण हेतु सुचारू रूप से चलाई जा रही योजनाएं, नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर एवं प्राकृतिक आपदाओं में जरूरतमंदों की सहायता इत्यादि सेवाएं सम्मिलित है ताकि समाज का समुचित विकास हो सके।अंत में हल्दुचौड के मुखी पी एस बिष्ट, इंचार्ज , संयोजक हल्द्वानी आंनद सिंह नेगी, क्षेत्रिय संचालक दीपक वाही हल्द्वानी द्वारा रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, रक्तदाताओं, डॉक्टर एवं उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया गया ।






# नवजात पुनर्जीवन कार्यशाला आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता) । राष्ट्रव्यापी वन डे, वन नेशन,वन मिशन,सेविंग न्यू बोर्न लाइफ्स , वन ब्रिथ एट ए टाइम मुहिम के तहत सम्पूर्ण भारत वर्ष में नवजात पुनर्जीवन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में कार्यशाला का शुभारंभ डॉ ऋतु रखोलिया, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, बाल रोग विभाग द्वारा किया गया।यह कार्यक्रम देश की स्वास्थ्य सेवा में एक ऐतिहासिक कदम है यह कार्यशाला पूर्णत हैं। ड्स ऑन एवं सिमुलेशन आध



ारित प्रशिक्षण अभियान है। इसका उद्देश्य प्रत्येक नवजात को जन्म के पहले ही छण सुरक्षित जीवन प्रदान करना है। हर वर्ष अनेक नवजात शिशुओं को स्वास लेने में मदद की आवश्यकता होती हैं। जन्म के बाद का पहला गोल्डेन मिनट नवजात के जीवन एवं मृत्यु के बीच निर्णायक भूमिका निभाता हैं।कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर डॉ ऋतु रखोलिया, डॉ साक्षी के अलावा बाल रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति विभाग के चिकित्सक एवं नर्सिंग अधिकारियों ने भाग लिया।

# भाजपा के प्रशिक्षण महा अभियान का हुआ शुभारंभ

## संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर दिया जोर,कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक विषयों पर दिया प्रशिक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी नैनीताल द्वारा जिला प्रशिक्षण पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 की शुरुआत सोमवार को रामगढ़ स्थित द कासा ड्रीम रिसोर्ट में हुई। अभियान के अंतर्गत पहले दिन छह सत्रों में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण महा अभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना बताया गया। प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ से पहले भाजपा की विकास यात्रा और उपलब्धियों को दर्शाने वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया। प्रदर्शनी में पार्टी के इतिहास, विचारधारा और सरकारों की प्रमुख योजनाओं को विस्तार से प्रस्तुत किया गया, जिससे कार्यकर्ताओं को संगठन की पृष्ठभूमि और उपलब्धियों की जानकारी मिल सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार, कैबिनेट मंत्री एवं भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, जिला प्रभारी खिलेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, हल्द्वानी नगर निगम महापौर गजराज बिष्ट तथा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। स्वागत उद्बोधन में जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि यह प्रशिक्षण अभियान पार्टी का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिससे कार्यकर्ता भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए उनकी सक्रिय भूमिका पर जोर दिया। जिला प्रभारी खिलेंद्र चौधरी ने इसे राष्ट्रवाद और सेवा भावना से जुड़ा अभियान बताया। प्रथम सत्र में प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने पार्टी के सैद्धांतिक अधिष्ठान विषय पर कार्यकर्ताओं को दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और पंच निष्ठाओं की जानकारी दी। सत्र की अध्यक्षता प्रताप बिष्ट तथा संचालन जिला महामंत्री रंजन बरगली ने किया। दूसरे सत्र में प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने भाजपा के ऐतिहासिक विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। सत्र की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष दयाकिशन पोखरिया ने किया। तीसरे सत्र में दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट ने कार्यकर्ताओं के विकास और अपेक्षाओं विषय पर जानकारी दी। इस सत्र की अध्यक्षता लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट तथा संचालन प्रगति जैन ने किया। चौथे सत्र में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विवेक सक्सेना ने भाजपा की संगठनात्मक कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला। सत्र की अध्यक्षता प्रदेश सह मीडिया संयोजक प्रदीप जनौटी तथा संचालन जिला मीडिया संयोजक नितिन राणा ने किया। पांचवें सत्र में रणदीप पोखरिया ने वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों पर अपने विचार रखते हुए कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया। सत्र की अध्यक्षता कौस्तुभानंद जोशी तथा संचालन नवीन भट्ट ने किया। प्रथम दिवस के समापन सत्र में प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने कार्य विस्तार, वैचारिक सुदृढ़ीकरण, व्यक्तित्व विकास और संगठन को मजबूत करने पर विस्तार से विचार रखे। सत्र की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दमवाल ने की। दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में वर्ग नियंत्रक के रूप में विनीत अग्रवाल, पंजीकरण व्यवस्था में हेमंत बिष्ट, कुंदन चिलवाल, अरविंद पडियार, मीडिया कार्य में विनोद तिवारी, संजय दौबी, प्रदर्शनी संयोजक रत्नेश साह तथा डिजिटल माध्यम से प्रशिक्षण सहयोग में अमित चौधरी ने भूमिका निभाई। प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन दर्जा राज्य मंत्री, नगर निगम अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, जनप्रतिनिधि, प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, पूर्व जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# विदाई समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरु नानक महाविद्यालय में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति में हुआ, जिसके बाद तिलक समारोह एवं कॉलेज एंथम प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अमिता भटनागर द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रथम चरण में रैम्प वॉक का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अतिरिक्त बीकॉम एवं बीबीए के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए गए। टैलेंट राउंड, गेम्स तथा प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं आत्मविश्वास का प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक चरण के परिणाम भी घोषित किए गए, जिससे विद्यार्थियों में उत्सुकता बनी रही। अंत में बीबीए की छात्रा फलक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में स प्रा डॉ नवनीत कौर एवं असमीत कौर सेठी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम समन्वयक के रूप में स प्रा प्रकाश सिंह अधिकारी, डॉ मीनाक्षी रावत एवं सुरभी गौड ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच का संचालन स प्रा डॉ नाजिया बानो, बीए की छात्राएं शिवी एवं अर्शिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री गुरु नानक शिक्षा समिति के अध्यक्ष जगतार सिंह, कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह, प्रबंधक तेजिंदर, भूपेंद्र सिंह, श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज के प्रबंधक मनजीत सिंह मक्कड़, कोषाध्यक्ष किरनदीप सिंह विर्क, बलजीत सिंह गाबा, भूपेन्द्र सिंह, स प्रा गौरव मिश्रा, मलकीत सिंह, प्रिया गुप्ता,संजय कुमार, संदीप त्रिपाठी, डॉ फरजीन बानो, शीतल, तरूण कुमार, प्रियंका, उमेश राणा, अदिति, कार्यालय कर्मचारी सर्वजीत कौर, अनुज हालदार, राधेश्याम, दुर्गेश कुमार, परमानन्द, गंगा और कमला आदि उपस्थित रहे।



# छापेमारी में 169 होम स्टे में मिली अनियमितताएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर सोमवार को जनपद नैनीताल के समस्त क्षेत्रों में होम स्टे के विरुद्ध व्यापक छापामारी अभियान चलाया गया । क्षेत्र के उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों की टीमों ने कुल 197 होम स्टे और गेस्ट हाउस का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान 197 में से 169 होम स्टे में भारी अनियमितताएं पाई गई । इनमें 44 होम स्टे बिना किसी पंजीकरण के अवैध रूप से संचालित हो रहे थे, जबकि 125 होम स्टे नियमावली–2015 के निर्धारित मानकों के विपरीत चलते पाए गए । जांच टीम को विभिन्न खामियां मिलीं, जिनमें निजी पार्किंग की कमी, स्वामी का स्वयं मौके पर निवास न करना और किचन की अनुपलब्धता प्रमुख रही । कई मामलों में यह भी देखा गया कि होम स्टे स्वामी के बजाय अन्य व्यक्तियों को लीज पर दिए गए थे या राज्य के बाहर के लोग इनका संचालन कर रहे थे । नैनीताल शहर में उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक के नेतृत्व में 16 होम स्टे पर छापा मारा गया, जहाँ तल्लीताल और मल्लीताल क्षेत्रों में एक भी होम स्टे मानकों को पूरा करता नहीं मिला । इन सभी में पार्किंग, किचन और स्वामी की उपस्थिति संबंधी गंभीर अनियमितताएं पाई गई । जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कहा कि होम स्टे का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों को रोजगार देना और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देना है। इसके विपरीत बाहरी लोग व्यवसायिक रूप से संचालन कर और जीएसटी का भुगतान न कर राज्य को भारी राजस्व क्षति पहुंचा रहे हैं । उन्होंने बताया कि मानकों के विपरीत संचालित इन सभी 169 होम स्टे को नोटिस जारी किया जाएगा और संतोषजनक जवाब न मिलने पर लाइसेंस निरस्तीकरण सहित अन्य कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी ।




# ठुकराल ने संतों से लिया आशीर्वाद

रूद्रपुर। पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने भुरारानी स्थित श्री भंजु राम अमर इंटर कॉलेज एवं अमर इंटरनेशनल स्कूल के 49वें वार्षिकोत्सव समारोह में पहुंचकर संत महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में महामण्डलेश्वर स्वामी धर्म देव जी महाराज, संत राजन शर्मा जी, संत स्वामी रामानंद जी समेत अनेक संत महात्मा उपस्थित रहे। समारोह के दौरान संतों ने राजकुमार ठुकराल को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार और चरित्र निर्माण की सबसे बड़ी आधारशिला है। उन्होंने कहा कि ऐसे



शैक्षणिक संस्थान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रहे हैं, जहां विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ा जा रहा है। उन्होंने विद्यालय परिवार को 49वें वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्था लगातार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है और आने वाले समय में भी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण देखने को मिला। संत महात्माओं के प्रवचनों से उपस्थित लोग भावविभोर हो उठे। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। इस मौके पर अशोक अदलखा, राजेन्द्र कालड़ा, सुरेश ढींगरा, सुरेश गांधी, चेतन मारग्रेट, पार्षद गौरव गिरि, चिराग कालरा, मोहन खेड़ा, आनंद शर्मा, सुनील जंडवानी, राकेश कालड़ा, मुकेश वशिष्ठ, पारस चुघ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सिंह कालोनी में महापौर ने दी 26 लाख के विकास कार्यों की सौगात

## सीसी सड़क एवं नाली निर्माण और स्वर्गीय हरिराज सिंह चौहान स्मृति द्वार का शिलान्यास

रूद्रपुर। महापौर विकास शर्मा ने वार्ड नंबर 33 सिंह कॉलोनी में पार्षद सुशील चौहान के साथ लगभग 26 लाख रुपए की लागत से बनने जा रही हीरा बल्लभ पाण्डेय के घर से सिंह कॉलोनी गली न 3 तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य एवं स्वर्गीय हरिराज सिंह चौहान स्मृति द्वार का विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया।इस मौके पर वार्डवासियों ने महापौर विकास शर्मा का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनका आभार प्रकट किया। शिलान्यास कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में विकास की जो गति है, वह अभूतपूर्व है। राज्य सरकार के सहयोग से ही नगर निगम रुद्रपुर आज हर वार्ड के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने में सक्षम हो पा रहा है। हमारी सरकार का विजन केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि धरातल पर काम उतारना है। महापौर ने केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की धामी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि आयुष्मान योजना से लेकर अंत्योदय कार्ड धारकों तक को मिल रही सुविधाएं सरकार की संवेदनशीलता का प्रमाण हैं। नगर निगम की भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए महापौर ने कहा कि उनका लक्ष्य रुद्रपुर को स्मार्ट और क्लीन सिटी बनाना है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में मुख्य सड़कों के साथ–साथ वार्डों के आंतरिक मार्गों का जाल बिछाया जाएगा। जल निकासी के लिए मास्टर ड्रेनेज प्लान पर काम चल रहा है। साथ ही, शहर को हरा–भरा करने के लिए निगम अपनी नर्सरी विकसित कर रहा है, जिससे वार्डों में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। महापौर ने विश्वास दिलाया कि मुखर्जी नगर ही नहीं, बल्कि शहर का हर कोना आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, पार्षद सुशील चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, मंडल महामंत्री जितेंद्र संधू भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय तोमर, भाजयुमो जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान राजू चौहान पार्षद इंद्रजीत सिंह , कमल पाल, राजेंद्र सिंह रावत, दलीप सिंह, हुकुम सिंह, अमन पाठक बंटी पवार, अजय चौहान, आदेश राणा, पंडित दुर्गा शरण भाजपाई, हरेंद्र चहल, सुशील मोदी , आशीष कुमार, कुबेर भारती , वीरेंद्र सिंह, संजय गहलोत, सोशल मीडिया प्रभारी अक्षय गहलोत, हरीश शर्मा , हिमांशु, गीता , प्रीति, नेहा ,अनीता , कमला पांडे, माही, शकुंतला दलीप रावत आदितमाम लोग मौजूद रहे।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## पीएम का आह्वान

पश्चिम एशिया में संघर्ष का असर अब भारत की अर्थव्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। ऊर्जा संकट और व्यापार में बाधाओं के कारण पैदा हुई चुनौतियों का दायरा बढ़ता जा रहा है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और मुद्रा (रुपये) के लगातार कमजोर होने से देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। उधर, अमेरिका और ईरान के तल्ख तेवरों से शांति समझौते पर बातचीत आगे नहीं बढ़ पा रही है।ऐसे में अब मौजूदा संकट से निपटने के लिए वैकल्पिक उपायों को अमल में लाना जरूरी हो गया है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते रविवार को देश की जनता से पेट्रोलियम उत्पादों का संयमित तरीके से उपयोग करने, सोने की खरीदारी से परहेज करने, गैर जरूरी विदेश यात्रा से बचने और स्थानीय वस्तुओं को प्राथमिकता देने का आह्वान किया है।सरकार का मानना है कि इन सभी प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत दुनिया भर में जारी ऊर्जा संकट का प्रभावी ढंग से सामना कर सकेगा। इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी, जिससे सरकारी कोष को मजबूत बनाए रखने में मदद मिलेगी। इसमें दोराय नहीं कि पिछले कुछ वर्षों में भारत सौर ऊर्जा के मामले में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया है, लेकिन देश की जरूरत मुख्य तौर पर अभी भी जीवाश्म ईंधन से पूरी की जा रही है।ऐसे में जरूरी है कि मौजूदा संकट के दौरान आयातित ऊर्जा संसाधनों का उपयोग विवेकपूर्ण ढंग से और वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही किया जाए। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण होर्मुज जलमार्ग के बंद होने से तेल की आपूर्ति शृंखला बाधित हुई है, जिससे ऊर्जा का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।खबरों के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से वैश्विक ऊर्जा कीमतों में हुई बढ़ोतरी से देश की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है, जिस कारण आने वाले दिनों में पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ सकते हैं। हालांकि, अभी तक सरकार ने पेट्रोल-डीजल और घरेलू रसोई गैस के दामों को नियंत्रित करने के प्रयास किए हैं, लेकिन संकट गहराने से अब यह सब आसान नहीं होगा। इसके लिए वैकल्पिक उपायों पर गंभीरता से काम करना होगा, ताकि प्रतिकूल प्रभावों को कम किया जा सके।प्रधानमंत्री के आह्वान से इस बात के संकेत भी मिल रहे हैं कि आने वाले समय में रोजमर्रा के इस्तेमाल की जरूरी वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। यानी कच्चे तेल से जुड़ी महंगाई, पैकेजिंग सामग्री और ईंधन लागत में बढ़ोतरी के बीच साबुन, डिटर्जेंट, बिस्किट, पैकेट बंद खाद्य पदार्थ और पेय उत्पाद जैसी वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती हैं। खबरों के मुताबिक, आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन करने वाली देश की प्रमुख कंपनियां मुनाफे पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए चरणबद्ध तरीके से दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। प्रधानमंत्री के ये सुझाव कि कोरोना काल की तरह घर से काम करने समेत अन्य तरीकों पर फिर से अमल करना, खाद्य तेल की खपत कम करना और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कमी लाना, यह सब मौजूदा संकट की गंभीरता को दर्शाता है।

# जिलाधिकारी ने जनता मिलन में सुनीं 49 शिकायतें

चम्पावत (उद संवाददाता)। शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापरक समाधान हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं विकास संबंधी कुल 49 शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और सभी शिकायतों का समयबद्ध समाधान संवेदनशीलता के साथ सुनिश्चित किया जाए।सुनवाई के दौरान ग्राम बिलौन निवासी सोबन सिंह द्वारा वृद्धावस्था पेंशन एवं किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को दो दिन के भीतर पेंशन स्वीकृत करने और मुख्य कृषि अधिकारी को सम्मान निधि दिलाने के निर्देश दिए। ग्राम बिलोटासेन निवासी दिवान




सिंह मेहता की सीसी मार्ग निर्माण संबंधी शिकायत पर खंड विकास अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा गया। इसी प्रकार ग्राम राई खकोड़ा निवासी नारायण सिंह के बीपीएल राशन कार्ड और ग्राम बडोली निवासी लक्ष्मी दत्त की घर के पास से गुजर रही विद्युत लाइन के खतरे संबंधी शिकायतों पर भी संबंधित विभागों को तत्काल सुरक्षात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। साइबर अपराध से जुड़ी शिकायत पर जिलाधिकारी ने पुलिस साइबर सेल को जांच के आदेश दिए, वहीं ग्राम दयारतोली निवासी जगदीश सिंह मेहता के आधार कार्ड में जन्मतिथि संशोधन हेतु ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को सहयोग करने के निर्देश दिए। पेयजल और विद्युत कनेक्शन की समस्याओं पर पेयजल निगम और विद्युत विभाग के अभियंताओं को सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा जंगली जानवरों से सुरक्षा हेतु तारबाड़, पुलिया निर्माण और स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता संबंधी प्रकरणों पर भी जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ जी एस खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, उपजिलाधिकारी विपिन पंत, सहायक परियोजना निदेशक विम्मी जोशी, मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# फरियाद पर पीड़ित के घर पहुंचे डीएम मनीष कुमार

चम्पावत (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए जनता मिलन कार्यक्रम में आई एक फरियाद पर शाम को स्वयं पीड़ित के घर पहुंचकर हाल जाना। चम्पावत के बालेश्वर वार्ड निवासी बबीता प्रहरी ने अपने पति विजय प्रहरी की मानसिक अस्वस्थता के उपचार हेतु आर्थिक सहायता की अपील की थी, जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उनके आवास पर मुलाकात की।जिलाधिकारी ने विजय प्रहरी की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली और मौके पर ही जिला समाज कल्याण अधिकारी को बुलाकर आवश्यक आर्थिक



एवं शासकीय सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि विजय प्रहरी के एमआरआई टेस्ट सहित अन्य सभी आवश्यक चिकित्सीय जांचें जनपद स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आवश्यकता पड़ी तो जनपद के बाहर भी बेहतर उपचार के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।मुलाकात के दौरान जिलाधिकारी ने परिवार की आर्थिक स्थिति और अन्य समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। बबीता प्रहरी ने बताया कि संसाधनों के अभाव के कारण उपचार कराना उनके लिए कठिन हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को परिवार को शासन स्तर की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, जिला समाज कल्याण अधिकारी केएस चौहान और अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत चम्पावत में तीन मेडिकल स्टोरों पर औषधि बिक्री पर रोक

चम्पावत (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद चम्पावत में औषधि विभाग द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। औषधि निरीक्षक हर्षिता द्वारा बनबसा क्षेत्र के गढ़ीगोठ स्थित विभिन्न मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल चार मेडिकल प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिसमें ड्रग लाइसेंस की वैधता, औषधियों के स्टॉक का सत्यापन, क्रय विक्रय अभिलेख, कैश मैमो, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं रिकॉर्डिंग की समीक्षा की गई। जांच के दौरान एक मेडिकल स्टोर में अनियमितताएं पाए जाने पर उसके लाइसेंस के निलंबन की संस्तुति की गई। वहीं दो अन्य प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी रिकॉर्डिंग उपलब्ध न होने तथा औषधियों के क्रय विक्रय संबंधी अभिलेखों का सत्यापन न कर पाने जैसी खामियां सामने आईं।। जनस्वास्थ्य को



प्राथमिकता देते हुए विभाग ने तत्काल प्रभाव से इन तीनों मेडिकल स्टोरों की औषधि बिक्री पर रोक लगा दी है। संबंधित फर्मों को पांच दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निधारित समयावधि में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में संबंधित प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निर्लंबित करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। औषधि निरीक्षक हर्षिता ने सभी मेडिकल संचालकों को औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 तथा नियमावली 1945 के प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि उल्लंघन अथवा प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान विभिन्न औषधियों के चार नमूने भी जांच हेतु संग्रहित किए गए हैं, जिन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

# थर्मो फिजियोथैरेपी से रोगों का निशुल्क हो रहा निदान

सितारगंज।नूबा बेस्ट समिति थर्मो फिजियोथैरेपी के जरिए लोगों के जटिल रोगों का बिना दवा, सर्जरी शत प्रतिशत उपचार किया जा रहा हैं। जिससे थायराइड, गठिया, लकवा, शुगर जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोग लाभान्वित हो रहे हैं। किच्छा रोड स्थित नूबा बेस्ट संस्था की तरफ से निशुल्क थर्मोथेरेपी का ट्रायल चल रहा है। जिसमें सितारगंज के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र के अलावा किच्छा खटीमा से रोगग्रस्त लोग पहुंचकर लाभ ले रहे हैं। समिति के ओनर मनीष



यादव ने बताया कि थर्मो फिजियोथेरेपी मशीनों के माध्यम से की जाती है। शरीर का सबसे मुख्य अंग रीढ़ की हड्डी को माना जाता है। रीढ़ की हड्डी से विभिन्न तरह की 31 नसे पूरे शरीर में फैली हुई हैं। थर्मो फिजियोथैरेपी देकर अब तक वह 450 से अधिक गंभीर बीमारियों से ग्रसित रोगियों को बिना दवा और सर्जरी के स्वस्थ कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि रोजाना एक से डेढ़ घंटा तक थर्मा फिजियोथैरेपी रोगियों को दी जा रही है। सेंटर पर मौजूद 89 वर्षीय दीदार चंद ने बताया कि लगभग 30 वर्ष से उन्हें पाइल्स की दिक्कत थी। उम्र के इस अंतिम पड़ाव में थर्मा फिजियोथेरेपी के जरिए उनकी जटिल बीमारी का समाधान हो गया। इस तरह कई लोगों ने थर्मो फिजियोथेरेपी से हो रहे लाभ की जानकारी दी। थर्मोफ फिजियोथैरेपी का मकसद बिना दवा, सर्जरी के सबको स्वस्थ करना है। इस तकनीक के शत प्रतिशत रिजल्ट के बाद उनकी संस्था विश्व भर में बेस्ट अवार्ड भी मिल चुका है। उन्होंने बताया कि 4 वर्ष से लेकर किसी भी उम्र का व्यक्ति थर्मोफिजी थेरेपी का लाभ ले सकता है इस तकनीक में उम्र, बीमारी को लेकर किसी भी तरह की कोई भिन्नता नहीं रखी गई है। इस मौके पर हिमांशी प्रजापति, किरण आदि मौजूद रही।

# धरने को मिला उपनेता प्रतिपक्ष कापड़ी का समर्थन

नानकमत्ता। उप तहसील नानकमत्ता परिसर में पिछले छह दिनों से चल रहे धरने को शुक्रवार को उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी का समर्थन मिला। धरना स्थल पर पहुंचकर उन्होंने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की और मामले में निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।धरने पर बैठे ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम सरोजा निवासी बजिंदर सिंह एवं उनकी माता सुखविंदर सिंह का ग्राम प्रधान पद के लिए दाखिल नामांकन पत्र



जमीन पर अवैध अतिक्रमण दर्शाते हुए निरस्त कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई सत्ताधारी दल के दबाव में की गई है।नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को चुनाव लड़ने का अधिकार है और यदि किसी प्रत्याशी का नामांकन निरस्त किया गया है तो प्रशासन को पूरे मामले की पारदर्शी तरीके से जांच कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन निष्पक्षता से कार्य नहीं कर रहा है, जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश है। धरने पर बैठे लोगों ने चेतावनी दी कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर सुखविंदर सिंह, गुरदेव सिंह, राजू सोनकर, मंगल सिंह युवराज सिंह रणजीत सिंह, बलजीत सिंह, हरप्रीत सिंह आदि मौजूद थे।

# राशन वितरण में अनियमितता पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

गदरपुर। ग्राम पिपलिया नंबर एक में सस्ता गल्ला विक्रेता के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा रोष प्रकट किया गया। सोमवार को नाराज ग्रामीणों ने राशन वितरण में अनियमिता और समय पर खाद्यान्न न दिए जाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि कई बार निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद भी राशन नहीं दिया जाता,जिससे गरीब परिवारों को भारी



परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राशन वितरण में मनमानी की जा रही है और कई उपभोक्ताओं को नियमानुसार पूरा राशन नहीं मिलता, वहीं गुलाबी कार्ड धारकों ने बताया कि उन्हें लंबे समय से चीनी का वितरण नहीं किया जा रहा। इसको लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली सूचना पर पहुंचे पूर्ति निरीक्षक चंद्रशेखर कांडपाल और अल्पना बजाज ने ग्रामीणों से मामले की जानकारी ली।जांच के दौरान सस्ता गल्ला विक्रेता मौके से गायब मिला। ग्रामीणों से मिली जानकारी और मौके की गंभीरता के चलते प्रथम दृष्टया अनिमितताएं पाए जाने पर सस्ता गल्ला दुकान को सील कर दिया गया। कांडपाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि राशन वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वह आंदोलन को और तेज करेंगे। इस दौरान गौरव बाला, ओम प्रकाश,कालीपद, रूपमाला गोविंद विश्वास,चंचल सरकार, फूलमाला, कमलेश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बियरशिबा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में मातृ दिवस पर भव्य आयोजन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बियरशिबा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का



शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय संस्थापिका प्रबंधन निरुपमा भट्ट तलवार और प्रबंधक तिलक राज तलवार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व प्रधानाचार्या मीना सती, सलाहकार के दत्त, प्रशासनिक अधिकारी निशा सिंह और एचओडी अनीता बिष्ट ने मुख्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राइमरी वर्ग के छात्र नक्श, अराध्या, शिवम और अनवेशा ने किया। अध्यापक विक्की लाल और तारा जोशी के नेतृत्व में सीनियर वर्ग के छात्रों ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या मीना सती ने उपस्थित सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं। अध्यापिका अंजू बिष्ट के मार्गदर्शन में जिज्ञासा बिष्ट, दिव्यांश, लक्षिता, प्रियंका और जयांश ने माँ के महत्व पर विचार रखे, जिसे सुनकर उपस्थित लोग भावुक हो उठे।नर्सरी व केजी वर्ग के बच्चों ने गार्गी कौशिक और खुशी शर्मा के नेतृत्व में सुंदर नृत्य पेश कर अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भावना मेहरा के नेतृत्व में प्रियंका सुनोरी और नैना धामी ने माँ पर सराहनीय कविता पाठ किया। वहीं रुचि देवलीया के नेतृत्व में कक्षा 5, 6 और विशेष छात्राओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जूनियर कॉर्डिनेटर एकता भाकुनी एवं अध्यापिका पूजा नेगी ने अभिभावकों के लिए रोचक खेल आयोजित किए, जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नर्सरी कक्षा की माताओं ने रैंप वॉक का आनंद लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता अभिभावकों को पुरस्कृत भी किया गया।विशेष प्रस्तुति के तहत छात्र दक्ष डाला की माता विनिता डाला ने नृत्य और जेसिका सिंह की माता उमा ने गीत व भाषण प्रस्तुत किया। अंत में एचओडी अनीता बिष्ट ने माँ के स्थान को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि माँ का आशीर्वाद ही सफलता की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने सभी शिक्षकों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विभा पाण्डे, विद्या डंगवाल, विवेक बिष्ट और समस्त स्टाफ मौजूद रहा। संपूर्ण कार्यक्रम का मुख्य संचालन अध्यापिका अंजू बिष्ट द्वारा किया गया।

# ठुकराल ने संकीर्तन में लिया आशीर्वाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने रवीन्द्र नगर में राधा कृष्ण महानाम यज्ञ सभा की ओर से आयोजित श्री श्री अखण्ड महानाम संकीर्तन में पहुंचकर आशीर्वाद लिया और सभी के लिए खुशहाली की कामना की। इस दौरान आयोजकों ने ठुकराल को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।संकीर्तन कार्यक्रम में विभिन्न कीर्तन मंडलियों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों



से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर ठुकराल ने भक्ति और संकीर्तन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे का संचार करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की भी सराहना की।इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष हीरा मण्डल, उपाध्यक्ष विपुल गाईन, चंदन देवनाथ, सचिव सुकुमार वैध, सरजीत मण्डल, उपसचिव अमिताभ मल्लिक, संजय हाल्दार, कोषाध्यक्ष विवेक महलदार, कार्तिक मण्डल, विष्णु, प्रकाश अधिकारी आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# निर्माणाधीन पेयजल योजना का किया निरीक्षण

नैनीताल (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे द्वारा सोमवार को जनपद नैनीताल के अंतर्गत चोपड़ा क्षेत्र के बसगांव में खनन न्यास मद से लगभग 59 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने महिला नर्सरी चोपड़ा और बसगांव महिला समूह द्वारा जल स्रोत को लेकर दर्ज कराई गई आपत्ति के संबंध में मौके पर स्थिति का जायजा लिया।मुख्य विकास अधिकारी ने महिला समूह, ग्रामवासियों एवं विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पक्षों की सहमति एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित



की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुचारु पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सारा परियोजना के अंतर्गत निर्मित चेक डैम का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ क्षेत्रीय जनता को मिलना चाहिए और इसके लिए विभागीय अधिकारी भी समय समय पर स्वयं क्षेत्रों का भ्रमण करें। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता जल संस्थान, विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# सूर्या रोशनी ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

पंतनगर (उद संवाददाता)। सूर्या रोशनी लिमिटेड ने अपनी काशीपुर निर्माण इकाई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह पहल कंपनी की सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों, स्थानीय समुदाय और सहयोगियों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना था। शिविर के दौरान लगभग 100 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। यह आयोजन प्रमाणित चिकित्सा टीमों के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें सुरक्षा और स्वच्छता के सभी मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। काशीपुर इकाई की यह पहल स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के साथ रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर सूर्या रोशनी लिमिटेड के यूनिट हेड शुभम चमोली ने कहा कि



सकारात्मक बदलाव की शुरुआत जमीनी स्तर से होती है। उन्होंने बताया कि काशीपुर इकाई में आयोजित यह रक्तदान शिविर समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भावना का प्रतीक है। इस नेक कार्य में कर्मचारियों और स्थानीय लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी बेहद प्रेरणादायक रही है। काशीपुर इकाई स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और समावेशी विकास जैसे क्षेत्रों में विभिन्न सामुदायिक पहलों के माध्यम से लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है।

## पेज एक का शेष...

**हिमंता दूसरी बार..** भाजपा ने 82 सीटें जीतीं, जबकि उसके सहयोगी दलों एजीपी और बीपीएफ ने 10-10 सीटों पर कब्जा जमाया। मुख्यमंत्री के परिवार के सदस्य-माता मृणालिनी देवी, पत्नी रिंकी भुइयां सरमा, पुत्र नंदिल और पुत्री सुकन्या-भी इस गौरवपूर्ण क्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर एनडीए की इस जीत को असम के परिवर्तन को गति देने वाला बताया। विशेषज्ञों का मानना है कि सरमा का यह दूसरा कार्यकाल राज्य में ढांचागत विकास और सांस्कृतिक पहचान को और मजबूती प्रदान करेगा।

**गुवाहाटी पहुंचने पर ...** नवीन सहित कई वरिष्ठ नेताओं से आत्मीय मुलाकात की। इससे पूर्व, गुवाहाटी पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री धामी का भव्य स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि असम की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और हिमंत बिस्वा सरमा के विकास कार्यों पर अटूट विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि एनडीए की यह प्रचंड जीत असम में निरंतर हो रहे ऐतिहासिक परिवर्तनों और डबल इंजन सरकार की नीतियों की सफलता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सरमा के नेतृत्व में असम विकास और प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा और पूर्वोत्तर भारत की समृद्धि में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

**उत्तरांचल पंजाबी महासभा....** संरक्षक समिति के रूप में कार्य करेंगे। उनके मार्गदर्शन में करण मल्होत्रा, हरीश जल्होत्रा, राजीव सच्चर, डी.एस. मान, राजकुमार फुटेला, दिनेश मानसेरा और राज ओबेरॉय की सात सदस्यीय कोर कमेटी बनाई गई है।यह कमेटी महासभा के पुनर्गठन, नई कार्यकारिणी के गठन, संगठनात्मक ढांचे के निर्धारण और समाज की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करेगी।कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि पंजाबी समाज अपनी मेहनत, लगन और उद्यमशीलता के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि आज की बैठक से समाज को एकता,विकास और सकारात्मक सोच को नई दिशा मिलेगी, जो अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।उन्होंने स्वयं को समाज के लिए सदैव उपलब्ध बताते हुए अपने आवास को 'पंजाबी भवन' की संज्ञा दी और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सभा मे गदरपुर प्रमुख प्रीत ग्रोवर, चिकित्सक डॉ. प्रदीप अदलखा, भारत भूषण चुघ, पंकज बांगा, समाज सेवी जगदीश लाल पाहवा, राज कुमार फुटेला, हल्द्वानी से उद्यमी वीरेंद्र चड्ढा, काशीपुर से भाजपा प्रवक्ता गुरविंदर चंडोक, रुड़की से सुभाष सरीन, अंजू कक्कड़, जसपुर से त्रिलोक चंद्र अरोरा, राज कुमार भुड्डी, चेतन अरोरा, सुभाष सरीन मुकेश चावला, हेमंत नरूला, जी एस आनंद, पी एस कॉचर, प्रवीण सेठी, राजीव परनामी व प्रदेश से बड़ी संख्या में पंजाबी समाज के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

**चर्चा में रही किच्छा....** चर्चा का विषय बनी रही।बैठक में मौजूद अधिकांश जनप्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए थे। ऐसे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पंजाबी समाज के प्रमुख चेहरे तिलकराज बेहड़ के कार्यक्रम में शामिल न होने को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। हालांकि आयोजकों ने कार्यक्रम को पूरी तरह सामाजिक और संगठनात्मक बताया, लेकिन समाज के कई लोगों का मानना था कि यदि सभी दलों से जुड़े जनप्रतिनिधि एक मंच पर उपस्थित होते तो इससे एकता का संदेश और अधिक प्रभावी ढंग से जाता।बैठक में उत्तरांचल पंजाबी महासभा के पुनर्गठन के लिए विधायकों, मेयर और अन्य जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में कोर कमेटी गठित की गई। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर तिलकराज बेहड़ की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बनी हुई है।

**जमीन का म्यूटेशन...** अधिकारियों व उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री के पीएसओ० विशाल निवासी देहरादून को देने है। जिसके बाद उसने दीपक शर्मा को दो लाख रूपये दे दिये। उसी दिन दीपक शर्मा ने अपने फोन से विशाल से बात करायी फिर तीन माह बाद दीपक शर्मा काशीपुर आये और उससे दो लाख रूपये नकद लेकर चले गये। फिर कुछ समय बाद दीपक शर्मा ने उसे फोन पर कहा कि वह दिल्ली व देहरादून के दो खाता नम्बर आपको भेज रहा है उन खातो में दस लाख रूपये डाल दो। जिसके बाद आपका म्यूटेशन तुरन्त हो जायेगा। जिसके बाद उसने उसके बताये खातों में सात लाख व दो लाख निन्यानबे हजार रूपये डाल दिये। अब वह जब भी दीपक शर्मा से म्यूटेशन कराने की बात कहता तो दीपक शर्मा कहता कि उसकी अफसरो से बात हो रही है जल्द ही जमीन का मयूटेशन चढ़ जायेगा। उसके बाद दीपक शर्मा कहा कि सैमसंग का मॉडल मोबाइल फोन दो मुख्यमंत्री के पीएसओ विशाल मयूटेशन चढ़वाने वाले अधिकारी को देंगे। जिस पर उसने एक लाख 54 हजार 999 रूपये का मोबाइल खरीद लिया जिसे दीपक शर्मा ने उसके घर से मंगवा लिया। उसके बाद उसने दीपक शर्मा से म्यूटेशन चढ़वाने को कहा तो दीपक शर्मा और शाहीने अंजुम और पैसे देने की बात करते रहते तथा आज तक जमीन का मयूटेशन अय्यूब अली के नाम पर नही कराया। जब उसने ज्यादा तकाजा किया तो दीपक शर्मा व शाहीने अंजुम कहने लगे कि तुम्हारी जमीन का म्यूटेशन भी नहीं करायेंगे और न ही तुम्हारे पैसे वापस देगें अगर पैसे वापस मांगे तो तुम्हे झूठे मुकदमें में जेल भिजवा देंगे। कहा कि आरोपियों ने उसे झांसे में लेकर उसकी बीस लाख 53 हजार 999 की करम हड़प ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**ग्रामीण को निवाला....** की पहचान में जुटा था। वन क्षेत्राधिकारी गंगाशरण के नेतृत्व में वन कर्मियों की 30 सदस्यीय तीन टीमें लगातार दिन रात गश्त कर रही थीं। टीमों द्वारा क्षेत्र में वन्यजीवों की गतिविधियों और उनके व्यवहार पर नजर रखी जा रही थी। इस दौरान कार्बेट टाइगर रिजर्व के विशेषज्ञों की भी मदद ली गई। वन विभाग के अनुसार मोहान सफारी जोन के ऊपरी क्षेत्र से तड़म गांव की ओर बाघ की गतिविधियां लगातार सामने आने के बाद विशेषज्ञ शूटर दल ने इलाके में डेरा डाल दिया था। बीती रात आबादी की ओर बढ़ रहे बाघ को ट्रेंकुलाइज कर काबू में लिया गया। घटना के बाद ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने मोहान सफारी जोन को भी बंद करा दिया था। ग्रामीणों का कहना था कि सफारी के चलते मानवीय गतिविधियां बढ़ने से बाघ और गुलदार आबादी की ओर आ रहे हैं। अब बाघ पकड़े जाने के बाद जंगल क्षेत्र में जिप्सियों के प्रवेश पर लगी रोक हटने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं बाघ प्रभावित क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से बंद तीन सरकारी विद्यालय भी दोबारा खोले जाएंगे। वन क्षेत्राधिकारी गंगाशरण ने बताया कि एहतियात के तौर पर क्षेत्र में गश्त जारी रहेगी। साथ ही बच्चों को वन कर्मियों की निगरानी में स्कूल पहुंचाने और वापस घर भेजने की व्यवस्था भी आगे जारी रखी जाएगी।

**दरोगा को वर्दी....** सर्विलांस और मैनुअल इंटेलिजेंस की मदद से फरार अभियुक्त लवजीत सिंह पुत्र कुलदीप सिंह, निवासी ग्राम भवान सिंह नवाड, लालकुआं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार संख्या यूके 18बी 1989 को भी अपने कब्जे में ले लिया है।नैनीताल पुलिस ने इस कार्यवाही के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया है कि ड्यूटी पर तैनात किसी भी लोक सेवक के साथ अभद्रता या सरकारी कार्य में व्यवधान डालने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# मारपीट कर ई रिक्शा चालक से नगदी छीनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में बाईक सवार दो युवकों ने सवारी छोड़ने जा रहे ई रिक्शा चालक को रोककर उससे मारपीट कर उसके पास से हजारों की नगदी छीन ली। मामले जानकारी पुलिस को दे दी गई है। मुन्ना चौराहा ट्रांजिट कैम्प निवासी उमेश पुत्र नारायणदास ने बताया कि वह ई रिक्शा चलाता है। 7 मई की देर सायं वह तीन पानी डाम से चामुंडा मंदिर सवारी छोड़ने जा रहा था। रास्ते में शिमला बहादुर रोड़ पर बाईक सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया और गाली गलौच कर उससे मारपीट करने लगे। उमेश का आरोप है कि युवकों ने उसके पास रखे सात हजार रूपये छीन लिए और शिकायत करने पर मारपीट की धमकी दी।

# पुलिस ने चेकिंग अभियान में 19 बाइकों के काटे चालान

काशीपुर। सूर्या चौकी पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 19 बाइक चालकों के चालान करते हुए 4500 रूपये संयोजन शुल्क वसूला। बीती शाम मुरादाबाद रोड स्थित सूर्या चौकी बॉर्डर पर पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने पर 6 बाइक चालकों के कोर्ट चालान, 8 चालकों के खिलाफ 81 पुलिस एक्ट की कार्रवाई करते हुए करीब 4500 रुपये का संयोजन शुल्क वसूला गया। वहीं पुलिस ने 5 बाइक चालकों का एमवी एक्ट में चालान किया है। पुलिस टीम में एसआई नवीन जोशी, रवीश कुमार विश्वकर्मा, कांस्टेबल प्रणय कुमार राठी, सुरेंद्र रावत, सूरज बोरा व राजेश भट्ट सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

**निर्माणाधीन भवन में ...** कराया। साक्ष्य संकलन के बाद युवक को सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

**स्मैक और हजारों...** ने बताया कि वह स्मैक पीने के आदी है तथा उक्त स्मैक को वह रतुपुरा निवासी गुड्डू खान से ली है। बरामद रकम वह की उसने स्मैक खरीदी थी तथा वह गुड्डू को पैसे देने जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है। पुलिस टीम में एसआई नवीन चन्द्र जोशी, रवीश राम, कां. सूरज सिंह व होमगार्ड हरपाल सिंह रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी गदरपुर नगर पालिका

## नगर पालिका अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, चहेतों को लाभ पहुंचाने का आरोप



गदरपुर। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी ने गदरपुर नगर पालिका पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका जनता की समस्याओं के समाधान के बजाय अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है। पत्रकारों से बातचीत में भुसरी ने आरोप लगाया कि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर जनता को गुमराह कर रहे हैं और सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।सिद्धार्थ भुसरी ने बताया कि उन्होंने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत 14 बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी, लेकिन अधिकांश बिंदुओं पर नगर पालिका की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। उनका कहना है कि मांगी गई सूचनाओं के स्थान पर गोलमोल जवाब देकर वास्तविक तथ्यों को छिपाने का प्रयास किया गया। इस संबंध में उनके द्वारा एसडीम कार्यालय में अपील कर दी है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र के सात वार्डो की सफाई व्यवस्था तथा 11 वार्डों में कूड़ा एकत्रीकरण के कार्य को लेकर विस्तृत जानकारी मांगी गई थी। आरटीआई में यह पूछा गया था कि सफाई व्यवस्था से जुड़े ठेकेदार की कंपनी को को कितना भुगतान किया गया है तथा भुगतान से जुड़े अभिलेखों की छाया प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं। इसके जवाब में नगर पालिका ने बताया कि इस संबंध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है। भुसरी ने इसे बेहद गंभीर मामला बताते हुए कहा कि यदि नगर पालिका सफाई व्यवस्था पर नियमित खर्च कर रही है तो भुगतान संबंधी अभिलेख उपलब्ध न होना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन जानबूझकर जानकारी छिपा रहा है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने कहा कि उनके द्वारा मांगी गई अन्य सूचनाओं का भी स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया। इससे यह प्रतीत होता है कि नगर पालिका में पारदर्शिता का अभाव है और वित्तीय अनियमितताओं को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है।भुसरी ने नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार और अधिशासी अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगी तो कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को जन आंदोलन का रूप देगी।फिलहाल कांग्रेस नेता के आरोप चर्चा का विषय बने हुए हैं।

### रजत जयंती पार्क बना भ्रष्टाचार जयंती पार्क

गदरपुर। सिद्धार्थ भुसरी ने वार्ड संख्या-6 में बन रहे रजत जयंती पार्क के निर्माण कार्य पर भी गंभीर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि पार्क स्थल पर अभी केवल थोड़ी मिट्टी डाली गई है और सीमित चारदीवारी बनाई गई है, जबकि इसके एवज में करीब 50 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया है।उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इस पार्क का नाम रजत जयंती पार्क के बजाय "भ्रष्टाचार जयंती पार्क" रख देना चाहिए। भुसरी ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य की वास्तविक प्रगति और भुगतान के बीच भारी अंतर है, जो बड़े वित्तीय घोटाले की ओर संकेत करता है।






# हवन यज्ञ के साथ श्री अग्रवाल सभा के नव भवन का लोकार्पण





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री अग्रवाल सभा के भवन का सौन्दर्यीकरण करने के बाद सोमवार को प्रात: हवन यज्ञ के साथ नव भवन का लोकार्पण किया गया। सर्व प्रथम विजय गर्ग व उमा गर्ग द्वारा महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया जिसके पश्चात विधायक शिव अरोरा, विजय गर्ग, अमित जैन, तारा चन्द जैन सहित श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, महामंत्री अमित जैन व कोषाध्यक्ष रणवीर गुप्ता व अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। गणेश वन्दना के बाद पंडित सुनील शास्त्री तथा कुलदीप भारद्वाज द्वारा संयुक्त रूप से मंत्रोच्चारण और आहुतियों के साथ वैदिक रीति से हवन यज्ञ सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा, पवन अग्रवाल, ताराचन्द जैन, विजय गर्ग, गोपाल कृष्ण रूंगटा, नरेश बंसल, विजय भूषण गर्ग, श्यामलाल बंसल, सुषमा अग्रवाल, विजय अग्रवाल, देवीशंकर अग्रवाल, प्रमोद मित्तल, सुनील ठुकराल, कैलाश अग्रवाल, ओम प्रकाश अरोरा, महेश बब्बर, अवतार सिंह, जगदीश टंडन, हरीश अरोरा, जय भगवान जैन, सतीश जैन, अनुराधा जैन, महेश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, गोपीराम अग्रवाल, सुमित श्यामपुरिया, अजीत जैन, राजेन्द्र गुप्ता, अशोक मित्तल, मोहन अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, शालिनी गोयल, सपना मित्तल, दीपिका मित्तल, पूजा मित्तल, नरेन्द्र बंसल, नितेश गुप्ता, हेमंत गर्ग, शरद गर्ग, अनुज अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, रवि अग्रवाल, प्रवीण गोयल, अतुल गुप्ता, अंकुश गुप्ता, मोहन कुमार, सचिन कुमार, अर्जुन कुमार, राजेन्द्र तुलस्यान, हरदयाल मल मित्तल, अशोक बंसल, शिव कुमार अग्रवाल, ओम प्रकाश, दीपक कुमार, राजेन्द्र गुप्ता, महावीर प्रसाद गुप्ता, गजानन्द बंसल, जय राम, कृष्ण बंसल, अजीत जैन लोहिया, विष्णु बंसल, संजीव जैन, विनोद जैन, जी. आर. अग्रवाल, दिनेश खण्डेलवाल, श्रीमती नौपती देवी, महावीर प्रसाद आर्य, अमरनाथ, राजेश जैन, विपिन जिंदल, जय प्रकाश अग्रवाल, रतन कुमार, रोहताश मल, वेदव्यास अग्रवाल, बलराम अग्रवाल, श्रीमती कांता गोयल, बाबूलाल, विकास जिंदल, अशोक जिंदल, हेतू राम, कुन्दन लाल अग्रवाल, फूलचन्द अग्रवाल, हेमराज, नागपाल गर्ग, शिव कुमार बंसल, दिवाकर बंसल, बजरंग लाल गर्ग, शुभम गर्ग, रणवीर मित्तल, चेतन मित्तल, श्रीमती लक्ष्मी देवी, सुरेन्द्र अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, अमरनाथ, श्याम सुन्दर जैन, गोविन्द राम, अजय कुमार, प्रेम चन्द, अजय बंसल, श्रीमती किरण जैन, पुष्कर राज जैन, निहाल चन्द मित्तल, प्रदीप अग्रवाल, गोवर्धनदास सुशील कुमार, विनोद गुप्ता, राजेन्द्र बंसल, संजय गोयल, प्यारेलाल, सुरेश चंद गर्ग, अशोक गोयल, यश गोयल, राजेश श्यामपुरिया, रामअवतार श्यामपुरिया, सुरेश पालिया, रामचन्द्र अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, चन्द्रसेन, कमल जैन, सुभाष चन्द्र, वेद प्रकाश अग्रवाल जुकानिया, रोशन लाल, रमेश अग्रवाल, सुभाष, अजय खण्डेलवाल, सुरेन्द्र चन्द्र, सुनील जैन, महावीर प्रसाद, नवल अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद सिंघल, गौरव सिंघल, हजारी लाल, रामगोपाल, सीताराम, महेश गोयल, देशराज, हरीश जैन, पवन जैन, गोविन्द राम, कृष्ण गर्ग, रामनिवास, अजीत कुमार जैन, डिंगाराम, रमेश कुमार, किशन कुमार कानोड़िया, मनका राम, सुरेश कुमार ताजपुरिया, रोशन अग्रवाल, नन्दन अग्रवाल, राज कुमार, राकेश जिंदल, राधे श्याम, गुरुदयाल गोयल, गिरधारी लाल, सुनील गोयल, राधे श्याम, अजय गोयल, श्याम अग्रवाल, चन्दन अग्रवाल, कुंज बिहारी, प्रकाशचन्द्र, मदन अग्रवाल, बाबू लाल बंसल, मनोहर लाल बंसल, लक्ष्मण दास, राहुल बंसल, मुकुन्दी लाल, प्रेमचन्द जैन, मोहित अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, पुरुषोत्तम नारायण, राम कुमार जैन, सुरेश चन्द्र गोयल, आनन्द अग्रवाल, अरविन्द अग्रवाल, पूर्णचन्द अग्रवाल, मक्खन लाल, नेत्रा जैन, राजेन्द्र अग्रवाल, हरी किशन अग्रवाल, रामनिवास, सुनील कुमार श्यामपुरिया, अनन्त राम मित्तल, अतुल कुमार, सुधांशु, ओम प्रकाश बंसल, महेन्द्र गुप्ता, ज्ञान चन्द, डॉ. हिमांशु बंसल, महेन्द्र गोयल, नन्दलाल गोयल, किशन मित्तल, इन्द्रमल, मनोज कुमार, दीपक श्यामपुरिया, अशोक कुमार, अभिषेक जवाड़िया, कन्हैयालाल गोयल, ललित गोयल, विनोद श्यामपुरिया, धर्मवीर मित्तल, राजेन्द्र गोयल, विजय श्यामपुरिया, अंकित श्यामपुरिया, अंकुर श्यामपुरिया, नरेन्द्र बंसल, महेन्द्र बंसल, प्रणव गोयल, प्रह्लाद अग्रवाल, प्रवीन गोयल, हनुमान प्रसाद गोयल, राजीव जिंदल, रामकुमार जिंदल, हरि प्रकाश, विष्णु कुमार, देवेन्द्र नन्दन, रूपचन्द, श्यामसुन्दर गर्ग, रघु चन्द, अनिल गर्ग, नीरज अग्रवाल, सुशील तुलस्यान, अभिषेक अग्रवाल, श्याम सुन्दर गर्ग, ध्रुव सिंघल, भोले राम अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, मदन लाल, अनिल बंसल, राजेन्द्र अग्रवाल, बाबू लाल अग्रवाल. ललित झुनझुनवाला, संजय अग्रवाल, राम अग्रवाल, श्रीकृष्ण अग्रवाल, निरंजन अग्रवाल, सत्यनारायण बंसल, मनीष अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, पंकज मित्तल, रोशन लाल मित्तल, ब्रज भूषण गोयल, कुन्दन लाल अग्रवाल, बाबूलाल, रतीश कुमार जैन, अशोक मित्तल, मनोज मित्तल, नारायणदत्त मित्तल, रामभगत, विनोद अग्रवाल, रामनिवास गर्ग , मोहन अग्रवाल, चुन्नी लाल गोयल, श्रीमती गीता गोयल, राधेश्याम गोयल, विशाल गर्ग, पवन गर्ग, नरेश अग्रवाल, डॉ. नवीन अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अशोक जैन, मुकुन्दी लाल जैन, गोपाल गोयल, नन्द लाल गोयल, हर्ष जैन, विनीत जैन, देशराज, ऋषि कुमार जैन, श्रीमती क्रांति गोयल, अतुल गोयल, श्रीमती अनीता गोयल, श्रीमती अंजू अग्रवाल, प्रीति वर्धन अग्रवाल, लक्ष्य अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, श्रीमती विमला देवी बंसल, श्याम लाल बंसल, मुरारी लाल, सुभाष मित्तल, सार्थक अग्रवाल, पूर्णानन्द श्यामपुरिया, सीताराम, विजय मित्तल, श्रीमती संतोष गर्ग, किशन लाल गर्ग, श्रीमती मिथिलेश गुप्ता, सुरेन्द्र मोहन गुप्ता, संजीव गुप्ता, रंजीव गुप्ता सहित भारी संख्या में अग्र समाज के बंधु मौजूद थे। सायंकाल सामूहिक भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया।





